हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 10 मई 2026

तापमान
अधिकतम 34.5 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

14 राम कथा सरिता के समापन पर सनातन ...



14 विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विविध कार्यक्रमों ...





## खबर संक्षेप

### बिजली कटौती से जनजीवन प्रभावित, जताई नाराजगी



**नवागढ़।** नगर में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर समाज सेवक सत्यम ताम्रकार ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे में केवल 6 से 7 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि बार-बार बिजली बंद होने से अस्पतालों, पानी आपूर्ति, कार्यालयों और ऑनलाइन चॉइस सेंटरों का काम प्रभावित हो रहा है। वहीं व्यापारियों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। गर्मी के बीच बच्चों की पढ़ाई, पेयजल व्यवस्था और घरेलू कार्यों में भी परेशानी बढ़ गई है। नगरवासियों ने बिजली विभाग से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग करते हुए कहा है कि समस्या का समाधान नहीं होने पर जनता की नाराजगी और बढ़ सकती है।

### सेजेस सिंघौरी में लॉटरी प्रक्रिया 12 को

**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेस) सिंघौरी, बेमेतरा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा पहिली में प्रवेश हेतु लॉटरी सिस्टम (प्रक्रिया) का आयोजन 12 मई 2026 को किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य संजय प्रसाद पयासी और व्याख्याता दीपिका साहू ने बताया कि विद्यालय परिसर में अभिभावकों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से लॉटरी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। लॉटरी के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों की सूची विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न होगी। अन्य कक्षाओं में भी रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए लॉटरी की प्रक्रिया की जाएगी। लॉटरी निकालने का समय सुबह 8 बजे से रहेगा।

### उपकोषालय के विलय पर जताई आपत्ति

**साजा।** साजा क्षेत्र के उपकोषालय का बेमेतरा जिले में विलय किए जाने के प्रस्ताव पर क्षेत्रवासियों में गहरी नाराजगी है। भाजपा संगठन किसान मोर्चा के मीडिया प्रभारी अधिवक्ता मूलचंद शर्मा ने सुविधाओं के केंद्रीकरण पर उच्च स्तर पर हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने बताया कि उपकोषालय के बेमेतरा में मर्ज होने से साजा क्षेत्र के लोगों को भौगोलिक स्थिति के कारण काफी असुविधा होगी। इस निर्णय पर पुनर्विचार कर एक व्यावहारिक एवं संतुलित समाधान निकालना आवश्यक है। शर्मा ने कहा कि राज्य स्तर पर भले ही उपकोषालयों को लेकर नीति पर काम चल रहा हो, साजा जैसे विस्तृत क्षेत्र में सुविधाओं को समाप्त करने के बजाय उन्हें सुदृढ़ किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि यहां लिंक कोर्ट, पुलिस मुख्यालय और निःशुल्क कोचिंग सहित कई विकास प्रस्ताव शासन के पास लंबित हैं। इन विकास संभावनाओं के बीच उपकोषालय के विलय से क्षेत्र में मायूसी का वातावरण है।

### आधार कार्ड से की लाखों की ठगी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** आधार कार्ड में मोबाइल नंबर बदलकर लाखों का लोन लेकर ठगी करने का मामला सामने आया है। नेवई पुलिस ने बताया कि रूआबांधा निवासी राजेश का रिसाली में मुक्ता कम्प्यूटर एंड च्वाईस सेंटर मैत्री नगर में है। अज्ञात व्यक्ति ने आधार कार्ड में लिंक मोबाइल नंबर को बदलकर बैंक में खाता खोलकर 2.96 लाख 443 लोन लेकर ठगी की। आधार कार्ड में बिना अनुमति पहचान का दुरुपयोग कर मोबाइल नंबर बदलने, अज्ञात बैंक में खाता खोला है। 21 अप्रैल को आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल नंबर बिना मेरी जानकारी एवं अनुमति के बदल दिया गया। 27 अप्रैल को जानकारी होने पर शिकायत पुलिस से की।

## मां के संघर्ष और हौसले ने दिव्यांग बेटी को बनाया प्रधान पाठिका, राज्यपाल पुरस्कार तक का सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कहते हैं कि एक मां का विश्वास किसी भी कठिन परिस्थिति को बदल सकता है। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है विकासखंड साजा के शासकीय प्राथमिक शाला अकोला की प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा की, जो जन्म से दोनों पैरों से 75 प्रतिशत दिव्यांग होने के बावजूद आज शिक्षा के क्षेत्र में विशेष पहचान बना चुकी हैं। वे अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय अपनी मां के त्याग, तपस्या और संघर्ष को देती हैं। हिम कल्याणी सिन्हा बताती हैं कि बचपन से ही उनकी मां ने हर कठिन परिस्थिति में उनका साथ दिया। जब वे चलने-फिरने में असमर्थ थीं, तब उनकी मां उन्हें गोद में उठाकर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती थीं। आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने के बावजूद मां ने कभी भी उन्हें कमजोर महसूस नहीं होने दिया। समाज के लोगों द्वारा ताने दिए जाते थे कि वे जीवन में कुछ नहीं कर पाएंगी, लेकिन उनकी मां हमेशा उन्हें आगे बढ़ने और पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए प्रेरित करती रहीं।

उन्होंने कहा कि कई बार लोगों की नकारात्मक बातें उन्हें निराश कर देती थीं, लेकिन उनकी मां समझाती थीं कि मेहनत और शिक्षा ही जीवन बदल सकती है। मां ने उन्हें ईमानदारी, आत्मविश्वास और संघर्ष का पाठ पढ़ाया। यही कारण है कि आज वे आत्मनिर्भर बन चुकी हैं और स्वयं मॉडिफाई वाहन चलाकर प्रतिदिन लगभग 20 किलोमीटर का सफर तय कर विद्यालय पहुंचती हैं।

### रोज 20 किलोमीटर सफर तय कर स्कूल पहुंचती हैं हिम कल्याणी



#### कोरोना योद्धा सम्मान सहित कई सम्मान

*हिम कल्याणी सिन्हा वर्तमान में पूरी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ शिक्षण कार्य कर रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षादूत पुरस्कार, कोरोना योद्धा सम्मान सहित कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। वर्ष 2024 में उन्हें महामहिम राज्यपाल के कर कमलों से प्रतिष्ठित राज्यपाल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। वे भावुक होकर कहती हैं कि उनकी हर उपलब्धि के पीछे उनकी मां का संघर्ष और आशीर्वाद है। मां ने कभी यह महसूस नहीं होने दिया कि वे किसी से कम हैं। आज भी उनकी मां हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाती हैं। मदर्स डे के अवसर पर हिम कल्याणी सिन्हा ने अपनी मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि वे भगवान से यही प्रार्थना करती हैं कि उनकी मां सदैव स्वस्थ और दीर्घायु रहें।*

### 2.57 करोड़ रुपये से अधिक की समझौता राशि, 7 टूटते परिवार फिर हुए एक

## नेशनल लोक अदालत साबित हुआ न्याय का महाकुंभ, 13 हजार से अधिक केस निपटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला न्यायालय में आयोजित द्वितीय नेशनल लोक अदालत न्याय और आपसी सौहार्द का बड़ा मंच बनकर उभरी। एक ही दिन में 13 हजार 29 प्रकरणों का सफल निराकरण कर लोक अदालत ने त्वरित न्याय व्यवस्था की मिसाल पेश की। आपसी समझौते और सुलह के माध्यम से न केवल वर्षों पुराने विवाद समाप्त हुए, बल्कि 2 करोड़ 57 लाख 91 हजार 512 रुपये की समझौता राशि भी वसूल की गई। नेशनल लोक अदालत में सुबह से ही जिला न्यायालय परिसर में पक्षकारों, अधिवक्ताओं और आम नागरिकों की मौजूदगी देखने को मिली। जिला एवं तहसील स्तर पर कुल 10 न्यायालयीन खंडपीठों का गठन किया गया था, जिनमें जिला न्यायालय बेमेतरा में 9 तथा तहसील न्यायालय साजा में 1 खंडपीठ शामिल रही। प्रत्येक खंडपीठ में दो-दो सुलहकर्ता सदस्य नियुक्त किए गए थे, जिन्होंने विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोक अदालत में कुल 11 हजार 746 प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालय में लंबित मामलों को रखा गया था। इनमें बैंक, विद्युत विभाग, बीएसएनएल और राजस्व विभाग से जुड़े प्रकरणों के निराकरण से 34 लाख 48 हजार 951 रुपये की वसूली हुई। वहीं आपराधिक, सिविल, पारिवारिक, मोटर दुर्घटना दावा, एनआई एक्ट सहित विभिन्न मामलों में 2 करोड़ 23 लाख 42 हजार 561 रुपये का अवार्ड पारित किया गया। सबसे अधिक चर्चा मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों की रही, जहां एक मामले में मृतक के परिजनों को 22 लाख रुपये की समझौता राशि दिलाई गई। इसके अलावा 18 लंबित मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में बीमा कंपनियों ने 73 लाख 25 हजार रुपये की राशि देने पर सहमति जताई। वहीं चेक बाउंस के एक मामले में 70 हजार रुपये के दावे का समझौता 33 हजार रुपये में कराया गया। लोक अदालत केवल मामलों के निराकरण तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह सामाजिक जागरूकता का भी केंद्र बनी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्याय वृक्ष, आकर्षक द्वार तोरण और विधिक जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई। यहां बाल विवाह निषेध, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध, मोटर यान अधिनियम और निःशुल्क विधिक सहायता संबंधी जानकारी आम लोगों को दी गई। न्यायालय परिसर में प्रेरणादायक सुविचारों की तख्तियां लोगों का ध्यान आकर्षित करती रहीं। प्रोजेक्टर के माध्यम से घरेलू हिंसा, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, साइबर क्राइम और सड़क दुर्घटनाओं पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया। पक्षकारों की सुविधा के लिए विधिक सहायता डेस्क, स्वास्थ्य डेस्क, स्वचलित चिकित्सकीय वैन, पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी।



### काउंसलिंग और समझाइश के बाद 7 बिखरे परिवार हुए फिर एक

लोक अदालत का सबसे भावनात्मक पहलू परिवार न्यायालय में देखने को मिला, जहां काउंसलिंग और समझाइश के बाद 7 बिखरे परिवार फिर एक हो गए। प्रेम विवाह, वैवाहिक विवाद, भरण-पोषण और पारिवारिक मतभेद से जुड़े मामलों में दंपत्तियों ने आपसी सहमति से विवाद समाप्त कर साथ रहने का निर्णय लिया। इसके अलावा गांवों में वर्षों से चले आ रहे मारपीट, गाली-गलौज और आपसी रंजिश से जुड़े कई आपराधिक मामलों का भी सौहार्दपूर्ण समाधान हुआ। पैतृक संपत्ति और जमीन बंटवारे से जुड़े पुराने विवादों में भी पक्षकारों ने समझौता कर रिश्तों में फिर से मिठास घोली। समझौता करने वाले पक्षकारों को प्रोत्साहन स्वरूप फलदार, फूलदार और छायादार पौधों का वितरण किया गया। न्यायालय परिसर में बनाया गया सेल्फी जोन भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन में न्यायालयीन अधिकारियों-कर्मचारियों, पैरालीगल वालंटियर्स, जिला प्रशासन, नगर पालिका, बैंक, विद्युत विभाग तथा अन्य विभागों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### मारो पुलिस की कार्रवाई

## 40 पौवा देशी शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

चौकी मारो पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40 पौवा देशी मशाला शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौकी मारो टीम भ्रमण पर थी, तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री के उद्देश्य से शराब रखे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम चक्रवाय जाने वाले मेन रोड पर ग्राम कांपा के पास घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को अवैध शराब के साथ पकड़ा। आरोपियों की पहचान आकाश ध्रुव (28 वर्ष) पिता मोहन ध्रुव एवं विकास सेन (32 वर्ष) पिता लक्ष्मी नारायण सेन, दोनों निवासी अमलडीहा, चौकी मारो, थाना नांदघाट, जिला बेमेतरा के रूप में हुई।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 40 पौवा देशी मशाला शराब (करीब 7200 एमएल) जब्त की, जिसकी कीमत लगभग 4 हजार रुपये बताई गई है। मामले में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी मारो उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे, प्रधान आरक्षक शत्रुहन बंजारे, आरक्षक बालमुकुंद सिंह, देवभूषण कांगरे, चेतन वैष्णव, आसिफ खान सहित चौकी मारो के समस्त पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जनदर्शन में आवेदन के बाद भी भटक रहे किसान राजस्व त्रुटि सुधार नहीं होने से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

छत्तीसगढ़ में सरकार द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आयोजित 'मुख्यमंत्री जनदर्शन' और 'कलेक्टर जनदर्शन' की हवा निकलती नजर आ रही है। धरातल पर स्थितियां दावों के विपरीत हैं, जहां अपनी जमीनी त्रुटि सुधार (रकबा, खसरा, या नाम सुधार) के लिए आवेदन लेकर मुख्यमंत्री निवास जनदर्शन मे 1 वर्ष पूर्व दिए गए प्रकरण जिसका टोकन नंबर निराकरण नहीं हुआ ऐसे ही और कई किसानो को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। दफ्तरों के चक्कर काट रहे किसान सूत्रों और हालिया शिकायतों के अनुसार, कई किसान जो पूर्व में जनदर्शन में अपनी कई बार शिकायत दर्ज करा चुके हैं, वे अब कलेक्ट्रेट, तहसील, और राजस्व विभाग के दफ्तरों में फाइलों के साथ धुल फांक रहे हैं। रकबा/खसरा में त्रुटि पटवारी आर आई के द्वारा भौतिक सत्यापन के बाद भी तहसीलदार के द्वारा जनणना के कार्य हवाला देकर किसान को लगवा रहा है चक्कर।

- मुख्यमंत्री जनदर्शन में दिए गए आवेदन दफ्तरों में खा रहे धूल, त्रुटि सुधार के लिए किसान

**सुनवाई की कमी:** जनदर्शन में मिलने वाले आश्वासन के बावजूद, निचले स्तर के अधिकारी फाइलों पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। हालांकि सरकार का दावा है कि जनदर्शन की प्रक्रिया कंप्यूटरीकृत है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि किसानों को केवल आश्वासन मिल रहा है। किसानों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनके आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही की जाए विष्णु देव की सुशासन खोखली साबित हो रही है, प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी सरकार की छवि धूमिल करने मे नहीं छोड़ रहे कोई कसर सुशासन तिहार मे मिल रहे आवेदन का भी नहीं हो पा रहा कोई निराकरण।

## त्रिमूर्ति चौक से साजा जाने मुख्य सड़क पर उड़ती धूल से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

नगर के त्रिमूर्ति चौक से साजा जाने मुख्य मार्ग पर भारी वाहनो की आवाजाही से धूल के उड़ते गुब्बारे से वार्ड क्र 13,14 व 15 के नागरीक खासा परेशान है,उक्त मार्ग के जर्जर हालत होने के कारण लगायार चलते वाहनो से उड़ते धूल नागरीको के घरो मे घूस रहा है इस मार्ग से अब गौजरने से लोग गुरेज करने लगे है। कुछ माह पूर्व सड़को पर बने गढ्ढो को लोक निर्माण विभाग ने स्टोन डस्ट व गिट्टी डालकर भरम्मत कार्य किया है वही डस्ट अब धूल धूर्सित कर रहा है जिससे सड़क किनारे निवास करने वालो को परेशानियां झेलनी पड रही है। इस मार्ग पर प्रतिदिन सुबह शाम सड़को पर पानी छिड़कने की आवश्यकता है ताकि लोगो को धूल से राहत मिल सके।सुबह 05 बजे दर्जनो वाहन से रेत,मुरूम,गिट्टी परिवहन करते हाईवा,सड़क पर सरपट दौड़ती यात्री वाहन व निजि वाहनो से उड़ती धूल अब घरो मे घूस रही है।सड़क पर कुछ देर तक तो धूंध ठा जाती है ऐसी स्थिति मे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।नगर के त्रिमूर्ति चौक से भारतमाता चौक तक मुख्य मार्ग मे भी अतिक्रमण तथा अव्यवस्थित दुकानदारी से यातायात हमेशा बाधित होता है जिससे भारी वाहन का परिसंचलन नगर के साजा रोड से सीधे बायपास मार्ग से होकर की जाती है।बायपास मे अब शराब दुकान होने से साजा रोड मे यातायात का दाब और भी बढ गया है जिससे सुबह से शाम तक नागरीक धूल से खासा परेशान होने लगे है। लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत कार्य मे लापरवाही बरतने के कारण ही आज सड़क की हालत और भी बदतर होते छा रहा है। समूचे तहसील क्षेत्र मे स्टोन डस्ट से गढ्ढे पाटे जाते वह धूल मे तबदील होती जाती है। मुख्य मार्ग पर बनी गढ्ढो को भरने कुछ जगहो पर केवल सीमेंट से हल्की कलस्टर की हुई गिट्टी को भर देती है। जिससे जलभराव तो बंद हो जाता है। परंतु बाद में वह धूल पैदा करने लग जाती है। यही कारण है कि आज नगर के त्रिमूर्ति चौक से चिन्टू हॉटल तक की सड़क धूल भरी रहती है। जिससे नागरीक के साथ साथ दुकादार भी परेशान नजर आ रहे है।नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य मार्ग,थान खम्हरिया से उमरावनगर मार्ग, खाती से गाघाघाट मार्ग,टिपनी से गोपारपुर मार्ग,अकोला से घिवरी मार्ग,कांपा से टेढी उरैहा मार्ग, नवागांवकला से खैरझिटीकला मार्ग,खैरझिटीकला से हरदास तथा थान खम्हरिया से साजा मार्ग की हालत बदतर हो चला है। जिसके धूल के गुब्बारों से आमजनो को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है उक्त सभी मार्ग की तत्काल संधारण करने की आवश्यकता है। वार्ड क्र 14 के पूर्व पार्षद संतोष तेली घनश्याम गंधर्व,पूर्व उपाध्यक्ष महेश निषाद,पूर्व एल्डरमेन फिरोज खान,जीवन साहू,मान सिंग यादव,रामकुमार सिन्हा,जीवन सिन्हा, मोहन साहू,गोपाल सिन्हा,विनोद परमार,रामकुमार यादव,रामाधार सिन्हा,गोविन्दा सिन्हा,बाबूदाल सिन्हा,गणेश साहू,अफरोज खान,गोविन्दा सिन्हा सहित नागरीको ने धूल मुक्त कराने त्वरित मे सड़क संधारण करने की मांग की है।

- त्रिमूर्ति चौक से चिन्टू हॉटल तक सुबह से चलने वाली भारी वाहन बनी मुसीबत



### स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में महिला मोर्चा का संकल्प : पज्ञा

## महिला मोर्चा ने संभाली 'टीबी मुक्त बेमेतरा' अभियान की कमान, 2027 तक जिले को क्षय रोग मुक्त बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

टीबी मुक्त भारत" संकल्प को साकार करने के लिए बेमेतरा जिले में महिला मोर्चा ने सक्रिय भूमिका निभानी शुरू कर दी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खण्डसरा में आयोजित "सौ दिवसीय निक्षय निरामय अभियान" की समीक्षा बैठक में महिला मोर्चा और स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर वर्ष 2027 तक जिले को क्षय रोग मुक्त बनाने का संकल्प लिया। बैठक में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, मितानिनों एवं महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने संयुक्त रणनीति पर चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि जिले में घर-घर सर्वे अभियान के माध्यम से संभावित टीबी मरीजों की पहचान की जा रही है। वहीं हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीनों के जरिए गांवों में त्वरित जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बेमेतरा ब्लॉक के 49 गांवों को हाई रिस्क क्षेत्र घोषित कर वहां विशेष निगरानी एवं उपचार अभियान संचालित किया जा रहा है। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहडेलर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज, जिला एवं ब्लॉक समन्वयक,स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर मौजूद रहे। महिला मोर्चा की ओर से जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी, उपाध्यक्ष पिंकी नेमा, मंत्री उमा पटेल, मंडल अध्यक्ष पिंकी जायसवाल, उषा साहू, मोनिका सोनी, सरोज, पुष्पा और कौशल्या कुमारी जांगड़े सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुईं।



बैठक को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि "टीबी मुक्त भारत" केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि देश को स्वस्थ और सशक्त बनाने का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर लोगों को टीबी के लक्षण, जांच और उपचार के प्रति जागरूक करेंगी ताकि कोई भी मरीज इलाज से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक बेमेतरा जिले को क्षय रोग मुक्त बनाना महिला मोर्चा का स्पष्ट लक्ष्य है और इसके लिए संगठन पूरी निष्ठा से जनजागरण अभियान चलाएगा। बैठक में मौजूद स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और मितानिनों ने भी हर गांव तक पहुंचकर टीबी उन्मूलन अभियान को गति देने का संकल्प लिया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती



**नवागढ़।** महाराणा प्रताप चौक शंकर नगर नवागढ़ में शनिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को याद किया।

इस अवसर पर मिथलेश बिसेन ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उप समिति नवागढ़ अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, रामशरण सिंह, युवराज सिंह, सोम सिंह, सोनराज सिंह, सुरेंद्र सिंह, बहोंरन सिंह, अजय भुवाल सिंह, संजू सिंह, चंद्रभूषण सिंह, पृथ्वीराज सिंह, वीरेश सिंह, विकास सिंह, जयपाल सिंह, विनय सिंह, राकेश सिंह, राम सजीवन सिंह, अश्वनी सिंह, प्रेमू साहू, शिवनारायण पाठक सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### पूर्व सीएम बघेल ने दीपक चावड़ा को दिलवाई कांग्रेस की सदस्यता

**दुर्ग।** युवा नेता दीपक चावड़ा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होने यह सदस्यता दुर्ग कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में पूर्व सीएम भूपेश बघेल एवं कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में ली। इस अवसर पर पूर्व सीएम बघेल ने दीपक चावड़ा को पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया और कांग्रेस में प्रवेश के लिए बधाई दी। बघेल ने कहा कि दीपक चावड़ा ने विभिन्न संगठनों में रहते हुए लोगों को एकजुट करने का कार्य किया है। उनके कांग्रेस प्रवेश से निश्चित ही कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत और सशक्त बनेगा। दुर्ग कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि सेवाभावी दीपक चावड़ा लंबे समय से लोगों के बीच सक्रिय रहे है। बता दें कि दीपक चावड़ा पूर्व में पद्मनाभपुर वार्ड से पार्षद का चुनाव भी लड़ चुके हैं। पूर्व सभापति राजेश यादव, अजय शर्मा, मध्य ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अलताफ अहमद, इंटुक दुर्ग शहर अध्यक्ष प्रकाश शिवणकर आदि ने उन्हें बधाई दी है।

### किसी ने एक्सपायरी डेट नहीं देखी और कुछ दिन बाद खाया तो तबीयत हो सकती है खराब

# भिलाई के सुशासन तिहार में बांटी गई मई 2026 में एक्सपायर होने वाली दवाएं, अनहोनी का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग जिले में सुशासन तिहार के दौरान एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। भिलाई नगर निगम में आयोजित तिहार कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा मई 2026 की एक्सपायरी दवाओं को बांटा गया। यह मामला कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह और विधायक रिकेश सेन के सामने भी आया। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी भी जाहिर की। एक्सपर्ट की माने तो लास्ट मंथ की एक्सपायरी दवा को मरीज को वितरित करने का नियम नहीं है। हालांकि जिम्मेदार डॉक्टरों का तर्क है कि इस दवा 31 मई तक तक खाया जा सकता है।

8 मई शुक्रवार को भिलाई नगर निगम मुख्यालय परिसर में सुशासन तिहार आयोजित किया गया था। इस आयोजन में अलग-अलग विभाग की योजनाओं के लिए विभाग के स्टॉल लगे थे। इसमें स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों का निशुल्क हेल्थ चेकअप कर दवा वितरण का स्टॉल लगाया था। इस स्टॉल में लोगों को जो दवाएं बांटी जा रही थीं, जब उनकी एक्सपायरी डेट चेक की गई तो पाया गया कि जिंक सल्फेट (दस्त की दवा) में जो एक्सपायरी डेट अंकित की गई थी, वो मई 2026 की थी। मीडिया ने इस मुद्दे को उठाया तो कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा ऐसा नहीं हो सकता है। वो इसकी जानकारी लेंगे और अगर ऐसा पाया गया तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## लास्ट मंथ की एक्सपायरी दवा को नहीं है बांटने का नियम




### क्यों नहीं बांटते लास्ट मंथ एक्सपायरी दवा

जब इस बारे में मेडिसिन के कुछ डॉक्टरों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नियम के तहत लास्ट मंथ एक्सपायरी दवा को उस महीने के अंतिम दिन तक खाई जा सकती है, लेकिन इस दवा को वितरण नहीं किया जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जरूरी नहीं कि हर मरीज एजुकेटेड हो। कई लोग दवा को रख लेते हैं और जब उन्हें उससे जुड़ी समस्या होने पर वो लोग उसे बिना एक्सपायरी डेट चेक किए खा लेते हैं। इससे समस्या ठीक होने की बजाय और बढ़ जाती है। एक्सपर्ट का कहना है कि लास्ट मंथ की एक्सपायरी दवा को अस्पताल में डॉक्टर या मेडिकल स्टॉफ अपनी निगरानी में मरीज को खिला सकता है, जिससे की यह तय हो सके की मरीज उसे तुरंत खा रहा है और उससे उसे कोई साइडइफेक्ट नहीं होगा।

### 31 मई तक खा सकते हैं दवा

शिविर में लास्ट मई 2026 की एक्सपायरी दवा वितरित की गई है। यह दवा 31 मई तक खाई जा सकती है। हालाकि मरीज को जो दवा दी गई है, वो सिर्फ तीन दिन का डोज के रूप में देना है। मरीज को बताया गया है कि वो उसे तीन दिन तक लगातार ले। उसे रखकर बाद में ना खाए।

**-डॉ. पियाम सिंह,**
चिकित्साधीक्षक, लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला

### 11 मई को ढौर में सुराज तिहार

**दुर्ग।** ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित शिविरों के माध्यम से लोगों को अब विभिन्न सरकारी सुविधाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिल रहा है। इससे ग्रामीणों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है और समय की भी बचत हो रही है। शिविर में सबसे अधिक संख्या में लर्निंग लाइसेंस बनाए जा रहे हैं। ग्रामीण केवल आवश्यक दस्तावेज लेकर पहुंच रहे हैं और लगभग आधे घंटे के भीतर उनका लर्निंग लाइसेंस तैयार हो रहा है। इस सुविधा से लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। सबसे अधिक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में 302 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 100 आवेदनों को तत्काल निराकरण किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीपी, शुगर, सर्दी, खासी, बुखार, सिकलिन की निशुल्क जांच की जा रही है। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों की कड़ी में आगामी 11 मई को जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत जनपद पंचायत पाटन के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, ढौर में शिविर लगाया जाएगा। इसी प्रकार नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के अंतर्गत मंगल भवन भिलाई-3 में शिविर आयोजित होगा। साथ ही नगर पंचायत धमधा के अंतर्गत बजरंग चौक स्थित मंगल भवन में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

## पटवारी के रिश्वत मांगने का वीडियो हुआ वायरल, निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- कलेक्टर ने लिया संज्ञान, एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम को पटवारी पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भिलाई-03 महेश सिंह राजपूत ने तहसील कार्यालय अहिवारा में संलग्न पटवारी लेकेश्वर सिंह ठाकुर को भूमि के बंटवारे के एवज में पक्षकार से राशि लेने और कर्तव्य निर्वहन में गंभीर लापरवाही के आरोप में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में पटवारी श्री ठाकुर का मुख्यालय तहसील कार्यालय अहिवारा निर्धारित किया गया है। लेकेश्वर सिंह ठाकुर को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

ज्ञात हो कि सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसकी सत्यता की जांच तहसीलदार अहिवारा द्वारा की गई। जांच के दौरान वायरल वीडियो के परिप्रेक्ष्य में श्री अमन कुमार टंडन, भूमिस्वामी श्री उत्तम टंडन एवं हल्का पटवारी लेकेश्वर सिंह ठाकुर का कथन दर्ज किया गया। जिसमें पक्षकारों द्वारा भूमि बंटवारा के नाम पर पटवारी को 45,000 रुपये दिया जाना बताया गया। पटवारी लेकेश्वर सिंह ठाकुर ने अपने कथन में स्वीकार किया कि उन्होंने पक्षकार की माता से राशि ली थी और वायरल वीडियो में उक्त राशि को वेतन मिलने के बाद वापस करने की बात कही थी। एसडीएम ने इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-03 एवं नियम-14 के विपरीत और कदाचरण की श्रेणी में पाते हुए उक्त कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।

## योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने का संकल्प

**दुर्ग/अंडा।** भारतीय जनता पार्टी अंडा-निकुम मंडल की बैठक अंडा में हुई। बैठक में मंडल प्रभारी नितेश साहू विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने मंडल प्रभारी होने के नाते संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साहू ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। देश के लगभग 75 प्रतिशत प्रदेशों में भाजपा की सरकार कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं संगठन की मजबूती का परिणाम है। भाजपा वर्ष के 365 दिन और 24 घंटे जनसेवा एवं संगठन विस्तार के




लिए कार्य करने वाली पार्टी है। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में जिला संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। वे सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को बारीकी से समझते और समझाते हुए निरंतर मजबूती प्रदान कर रहे हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हो रहा है। बैठक में मौजूद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए संगठन विस्तार एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, लीलेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रशिक्षण कार्यशाला कल

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन का प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला 10 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्मल ज्ञान मंदिर नेहरू नगर भिलाई में आयोजित है। इसमें छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित है। संगठन के वार्षिक कार्ययोजना पर विस्तार से विचार विमर्श पश्चात समय बद्ध वार्षिक कार्ययोजना का निर्धारण किया जाएगा। अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने सभी पदाधिकारियों को उपस्थित होकर कार्यशाला को सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी महामंत्री लखन लाल साहू ने दी।

## मानवता, सेवा और सहयोग की भावना को जीवन में आत्मसात करने का लिया संकल्प

**दुर्ग।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने जिलेवासियों एवं रेडक्रॉस से जुड़े स्वयंसेवकों को शुभकामनाएँ दीं। गंजपारा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उन्होंने रेडक्रॉस काउंसलरों से मुलाकात कर उनके द्वारा किए जा रहे मानव सेवा एवं जनजागरूकता कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किये। कॉउंसलर ने विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से रेडक्रॉस पखवाड़ा की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मानवता, सेवा और सहयोग की भावना को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि



रेडक्रॉस की वास्तविक पहचान उसकी सेवा भावना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में सदैव मानव सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए तथा समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं एवं विद्यार्थियों से रेडक्रॉस के मूलमंत्र को अपनाते हुए समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

## नशे के कारण बढ़ रहे अपराध

**दुर्ग।** समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष शेख रज्जाक ने



दुर्ग जिले में लगातार हो रही अपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके मूल में नशाखोरी प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही किए जाने के बावजूद सूखा नशा शहर और ग्रामीण इलाके के कोने-कोने में पहुंच गया है जिसके चलते ही मारपीट हत्या लूटपाट जैसी वारदातें हो रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को नशा के खिलाफ अभियान और तेज करना चाहिए जिससे अपराधियों में खौफ उत्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि वारदातों के पीछे शराबखोरी भी प्रमुख कारण माना जा सकता है। शराब दुकानों में उमड़ते भीड़ को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर और ग्रामीण इलाके के आधी आबादी नशे की गिरफ्त में है और नशे में आदमी अच्छा बुरा नहीं सोचता और वारदात को अंजाम दे देता है।

## ट्रांसपोर्ट नगर के 59 भूखंडों की नीलामी 11 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में हथखोज स्थित ट्रांसपोर्ट नगर की भूखंड को तीस साल के लीज पर दिया जाएगा। निगम के संपदा विभाग द्वारा हथखोज ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायिक भू-खण्डो की नीलामी की प्रक्रिया शुरु हो गई है।

ट्रांसपोर्ट नगर फेस-1 के 9 ब्लाको के 59 भू-खण्डो को प्रथम पाली में आम नीलामी के माध्यम से बेचने की तैयारी हो चुकी है। संपदा विभाग प्रभारी राजू वर्मा ने बताया कि हथखोज ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायिक परिसर में रिक्त भू-खण्डो को आम नीलामी की कार्यवाई अधिकतम राशि पर 11,12 ,13, 14 मई को किया जाना है। ब्लॉक 35 के 15 भू-खण्ड जिनकी सरकारी बोलो 1271300 रूपये और आकार 915=135 वर्ग मी. है। नीलामी 11 मई को होगी। इसके बाद लगातार चार दिनों तक नीलामी को अलग-अलग ब्लॉक से कुल 59 भू-खण्डो का होना है। इसके बाद निर्धारित तिथियों पर जिन भू-खण्डों की नीलामी नही हुई होगी उन सभी को पुनः 15 मई को नीलामी करने बोलीदाता आमंत्रित रहेगें।

नीलामी में हिस्सा लेने वाले व्यक्ति को धरोहर राशि डीडी बैंकर चेक नीलामी शुरु होने के 1 घण्टा पूर्व जमा करना होगा। उच्चतम एवं द्वितीय क्रम बोलीदाता का धरोहर राशि रोक कर शेष बोलीकर्ता का धरोहर राशि नीलामी खत्म पश्चात वापस कर दी जाएगी। नीलामी से जुड़े नियम शर्त का विस्तृत जानकारी निगम के संपदा विभाग से अवलोकन किया जा सकता है। राशि 500 रुपए जमा कर नियम शर्त का प्रति प्राप्त कर सकते है। नीलामी शर्त कंडिका 1 से कंडिका 30 लागू होगी। बोलीदाता को सरकारी बोली से अधिक राशि पर बोली प्रारंभ करना होगा।

## मां की ममता ने बदली तकदीर: 10 वर्षों के संघर्ष से बेटे को बनाया आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कहते हैं कि मां की ममता के आगे हर मुश्किल छोटी पड़ जाती है। ऐसी ही संघर्ष, सेवा और समर्पण की प्रेरणादायी कहानी है बेमेतरा जिले की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन की, जिन्होंने अपने दिव्यांग बेटे को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पिछले दस वर्षों से लगातार संघर्ष किया और आज भी उसी समर्पण के साथ उसकी देखभाल कर रही हैं। मदर्स डे के अवसर पर यह कहानी हर उस माँ को सलाम करती है, जो परिस्थितियों से हार नहीं मानती। गर्भावस्था के दौरान प्रतीक जैन ने भी अन्य माताओं की तरह अपने बच्चे के लिए कई सपने संजोए थे। लेकिन प्रसव के बाद जब बच्चा रोया नहीं और उसे दस दिनों तक आईसीयू में रखना पड़ा, तभी से उनकी चिंता बढ़ने लगी। घर लौटने के बाद असली संघर्ष शुरू हुआ। बच्चा अन्य बच्चों की तरह सामान्य गतिविधियां नहीं कर पा रहा था। इसी बीच प्रसूति के दौरान स्वयं शिक्षिका के शरीर पर गंभीर असर पड़ा। उनकी कमर के दाहिने हिस्से में अटैक आने से हिप बोन पूरी तरह प्रभावित हो चुकी थी। हालत ऐसी थी कि दो कदम चलना भी मुश्किल हो गया था। उन्होंने अपने बेटे को कई डॉक्टरों को दिखाया, लेकिन लगभग सभी ने यही कह दिया कि बच्चा जीवन में कुछ नहीं कर पाएगा और हमेशा दूसरों पर निर्भर रहेगा। मगर एक माँ ने हार नहीं मानी। करीब दो वर्षों तक स्वयं दर्द और अपाहिज जैसी स्थिति से जूझने के बाद उन्होंने नागपुर में अपना ऑपरेशन कराया। स्वास्थ्य में कुछ सुधार होने पर उन्होंने पूरी ताकत बेटे की सेवा और उपचार में लगा दी। कई जगह प्रयास करने के बाद



रायपुर में उन्हें उचित उपचार और मार्गदर्शन मिला। इसके बाद उन्होंने अपने बेटे के लिए फिजियोथेरेपी, विज़न थेरेपी, ओटी और स्पीच थेरेपी शुरू कराई। खास बात यह रही कि इन सभी थेरेपी को उन्होंने स्वयं सीखा और घर पर नियमित रूप से अपने बेटे को प्रशिक्षण देना शुरू किया। लगातार दस वर्षों की मेहनत, सेवा और समर्पण का परिणाम आज सबके सामने है। उनका बेटा श्रेष्ठ जैन आज कक्षा छठवीं का छात्र है। वह पढ़ना-लिखना सीख चुका है और बेहद सेवाभावी स्वभाव का है। प्रतीक जैन आज भी डॉक्टरों के मार्गदर्शन में अपने बेटे की स्पीच थेरेपी, फिजियोथेरेपी और अन्य गतिविधियाँ नियमित रूप से करती हैं। उनका मानना है कि हर व्यक्ति में कोई न कोई कमी होती है और यदि उन्हें दिव्यांग बेटा मिला है तो वे स्वयं को खुशकिस्मत मानती हैं। उनके बेटे के जीवन में आए बदलाव ने उन्हें समाज के अन्य परिवारों के लिए भी प्रेरणा बना दिया है। वे अब पूरे छत्तीसगढ़ के 33 से अधिक दिव्यांग बच्चों के पालकों का मार्गदर्शन कर चुकी हैं तथा हजारों अभिभावकों को जागरूक कर चुकी हैं। वर्तमान में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में पदस्थ शिक्षिका प्रतीक जैन समाज से अपील करती हैं कि दिव्यांग बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न किया जाए। उन्हें भी प्यार, सम्मान और अवसरों का उतना ही अधिकार है, जितना किसी अन्य बच्चे से।

## निगम आयुक्त के निज सहायक की पिटाई, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- पद्मनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल के निज सहायक गौतम साहू की कपड़ा फटते तक पिटाई करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि निगम के प्लेसमेंट कर्मी गौतम साहू ने वाट्सअप पर देवी देवताओं, धर्म गुरुओं पर गलत कमेंट किया था। इसका स्क्रीन शॉट बजरंग दल, हिंदू संगठनों को मिला तो आक्रोशित हो गए। घटना 8 मई की सुबह की है। निगम दफ्तर में कार्यकर्ताओं ने घुसकर कर्मी गौतम साहू को पकड़ बाहर निकाला। उसे बजरंग दल, हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने इतना पीटा कि गौतम का कपड़ फट गया। खबर लगने पर पुलिस मौके



पर पहुंची। बजरंग दल ने निगम कर्मी के खिलाफ जुर्म दर्ज करने की लिखित शिकायत पुलिस से किया है। दुर्ग नगर निगम में पदस्थ आयुक्त का निज सहायक गौतम साहू है। उसका निगम की एक महिला कर्मी के साथ निजी व्हाट्सएप चैट से यह घटना सामने आई है। चैट में हिंदू देवी-देवताओं और धार्मिक गुरुओं के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। इसका स्क्रीनशॉट वायरल होने के बाद हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मारपीट करने वालो का भी शिनाख्त करने में जुटी हुई है।जल्द उनके खिलाफ नामजत अपराध कायम किया जाना है।

### जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक सफाई जरूरी : पाण्डेय

## जलकुंभी से अटा नेहरू नगर का भेलवा तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब गुरुनानक सरोवर की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्रीय रहवासियों और सामाजिक संगठनों में गहरी चिंता देखी जा रही है। वर्ष 2008 में निर्मित यह तालाब पिछले करीब 18 वर्षों से नेहरू नगर क्षेत्र के लोगों के लिए सुबह-शाम घूमने, योग, व्यायाम और सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है, लेकिन अब इसकी हालत लगातार खराब होती जा रही है।

तालाब परिसर में लाफ्टर क्लब, योगा गतिविधियां, वॉकिंग ट्रैक और ओपन जिम जैसी सुविधाएं होने के बावजूद रखरखाव के अभाव में पूरा क्षेत्र अव्यवस्था का शिकार हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब की हालत देखकर यह समझना मुश्किल हो गया है कि यहां स्वच्छ वातावरण बचा है या प्रदूषण फैल रहा है। रहवासियों के अनुसार तालाब का वैज्ञानिक तरीके से डीसिल्टेशन यानी तल की सफाई और पानी की निकासी वर्षों से नहीं हुई है। इसके चलते तालाब में कचरा, गंदगी और कमल गुट्टा बड़ी मात्रा में जमा हो गए हैं। हालत यह है कि कई जगहों पर तालाब की रिटर्निंग वॉल भी क्षतिग्रस्त होकर जर्जर हो चुकी है। स्थानीय नागरिकों ने आशंका जताई है कि तालाब के दूषित पानी का असर आसपास के नलकूपों के जलस्तर पर भी पड़ सकता है, जिससे लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में खतरा बढ़ रहा है।



### तकनीकी तरीके से हो भेलवा तालाब का जीर्णोद्धार

बदहाल स्थिति को लेकर अब इसके वैज्ञानिक और तकनीकी तरीके से जीर्णोद्धार की मांग उठाई गई है। नेहरू नगर निवासी पूर्व कार्यपालन अभियन्ता नलकूप संभाग जलसंसाधन विभाग दुर्ग और सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियन्ता जलसंसाधन अरुणाचल प्रदेश वीएन पाण्डेय ने बताया कि तालाब कि साधारण सफाई से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि हाइड्रो लॉजिस्टिक विशेषज्ञों की निगरानी में वैज्ञानिक डिसिल्टेशन कराया जाना चाहिए। तालाब की सफाई और डी-सिल्टेशन कार्य में केन्द्रीय भूजल बोर्ड, भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की तकनीकी सहायता ली जानी चाहिए। खास बात यह है कि केन्द्रीय भूजल बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में स्थित है। इसके अलावा देश का एकमात्र राजीव गांधी नेशनल ग्राउंड वाटर ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट भी रायपुर में ही संचालित है। ऐसे में विशेषज्ञ संस्थानों की मदद से तालाब का बेहतर और स्थायी पुनर्जीवन संभव हो सकता है।

## नकली जेवरात देकर दुकान से असली लेने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** नकली जेवरात देकर दुकान से असली हासिल कर फरार होने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम पारकना, थाना मुंगावली, जिला अशोकनगर एमपी निवासी राजेश साहू, ग्राम अमनचार एमपी प्रदीप श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया गया है। घटना की शिकायत धुबन वाटिका खंडेलवाल कॉलोनी दुर्ग निवासी आशीष जैन ने पुलिस से की थी। उन्होने पुलिस को बताया कि दो युवक उसके ज्वेलरी शॉप पहुंचे थे। अपने पास रखे पुराने चांदी के पायल,हाथ का कड़ा दिखाकर उससे असली चांदी का होना बताकर पुराने चांदी के जेवर के बदले नया चांदी का सामान साथ लेकर फरार हो गए। दुकान बंद करते समय पीड़ित पुराने पायल की जांच करने पर नकली निकला। जांच करने पर पुलिस टीम ने निरीक्षण, सीसीटीव्ही फुटेज पीड़ित के कथन, आरोपी का आधार कार्ड को लेकर आरोपियों की तलाश में पुलिस जुट गई। मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन स्थित यात्री प्रतीक्षालय में घेराबंदी कर दो को पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम युवकों



ने ग्राम पारकना, मुंगावली, जिला अशोकनगर एमपी निवासी राजेश साहू, ग्राम अमनचार, मुंगावली, जिला अशोकनगर एमपी प्रदीप श्रीवास्तव होना बताया है। आरोपियों ने नकली पायल देकर असली जेवरात लेकर फरार होकर ठगी किया। आरोपियों के पास से एक जोड़ी चांदी का पायल, महावीर ज्वेलर्स की खरीद रसीद जप्त की गई।

## सालों से निवासरत पात्र परिवारों को पट्टा प्रदान करने की मांग




**भिलाई।** नगर निगम भिलाई-चरोदा अंतर्गत अनुसुईया नगर, बिजली नगर, राजीव नगर वार्ड 41 के निवासियों ने मेहनतकश आवास अधिकार संघ के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), भिलाई-3 कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए पात्र परिवारों को पट्टा देने की मांग की गई। इससे पूर्व 4 मई को उक्त बस्तियों के परिवारों की ओर से सामूहिक आवेदन प्रस्तुत कर संबंधित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर पात्र परिवारों को पट्टाधृति अधिकार (पट्टा) प्रदान करने की मांग की गई थी। शुक्रवार प्रस्तुत किए गए आवेदनों के साथ आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, बिजली बिल, राशन कार्ड, फोटो और अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न किए गए जो संबंधित परिवारों के दीर्घकालीन निवास और पात्रता को प्रमाणित करते हैं। बस्ती के परिवारों ने कहा कि वे पिछले 15 से 30 वर्षों से अधिक समय से उक्त शासकीय भूमि पर निवासरत हैं। अधिकांश परिवार मेहनतकश और दिहाड़ी मजदूर हैं, जिनका जीवन, रोजगार और बच्चों की शिक्षा पूरी तरह इसी क्षेत्र से जुड़ी हुई है। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित क्षेत्रों का शीघ्र सर्वेक्षण और स्थल निरीक्षण कर पात्र परिवारों को पट्टाधृति अधिकार प्रदान किया जाए। इस दौरान अमीत वर्मा, शमा, कामिनी, मिना देवी, पुष्पा, सुमीत्रा, कंचन, मोहाल सिंह, सावित्री, निरा डेहरीया, कलादास डेहरिया आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ढाई लाख की चोरी

**भिलाई।** शादी में शामिल होने गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात व नगदी पार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि प्लांट नंबर 20 एकता चौक कैलाश नगर भिलाई निवासी अजय कुमार सिंह डिस्लरी में प्राईवेट जाब करता है। शादी में शामिल होने मकान में ताला जड़कर परिवार समेत गए थे। लौटकर वापस घर पहुंचने पर कुलर का ग्रिल टुटा पड़ा मिला। मकान के भीतर प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान से अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात नगदी 1 लाख रूपये गायब मिला। चोरी हुए सामानों की कुल कीमत 2.50 लाख रुपए आंकी गई है।

### रोजगार मेला का आयोजन 11 व 12 मई को

**उतई।** शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई के वर्तमान सभी संकायों के अंतिम स्नातक, स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं एवं भूतपूर्व छात्रों के लिए 11 मई एवं 12 मई को सुबह 10.30 बजे रोजगार मेला का आयोजन होगा। इसके लिए पंजीकरण लिंक https://forms.gle/RWgBXedQYrx9W5pRA में इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना निःशुल्क पंजीयन करवाकर निर्धारित तिथि एवं समय पर वांछित दस्तावेजों एवं रंगीन दो फोटो के साथ उपस्थित हो जाये। उक्त जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने दी है।

### औसर में मनरेगा कार्य का हुआ शुभारंभ



**सेलूद।** ग्राम पंचायत औंसर में व्हीबीजी रामजी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम के सरपंच प्रियालता महिपाल, पंचगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर सरपंच ने बताया कि औंसर बांध के उलट पर नाला संधारण निर्माण एवं जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन कार्यों के माध्यम से गांव के विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इस अवसर पर सरपंच प्रियालता महिपाल ग्राम पंचायत औंसर डिघारी के पंचगण सुरेश वर्मा, रोशनी चतुर्वेदी, श्यामा भारती, त्रिवेणी भारती, अनिता ठाकुर, रोजगार सहायक भूषण वर्मा, मेट खुबूराम भारती, लता जागे, संजय यादव, कुंती धनकर, लीना मानिकपुरी, अंजु महिपाल एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### स्व. विनोद के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए लोग



**दुर्ग।** स्व. कृष्ण कुमार विनोद के श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन चोपड़ा पैलेस आदर्श नगर दुर्ग में हुआ। वे शुरू से ही गायत्री परिवार से जुड़े रहे और गायत्री परिवार का संदेश जनजन तक पहुंचाने का कार्य किया। कार्यक्रम में आंजनेय मानस परिवार अंबागढ़ चौकी की भजन मंडली ने भजन प्रस्तुत किया। इस दौरान पुत्र सूर्यकान्त, रविकांत, आरची सोलर के डायरेक्टर रजनीशकांत व समस्त विनोद परिवार से शामिल थे।

### चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस मना



**अंडा।** सिरसिदा में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर पंचायत क्षेत्र के कला तालाब में तालाब गहरीकरण कार्य प्रारंभ किया गया, जिससे जल संरक्षण और सिंचाई सुविधा को मजबूती मिलेगी। तालाब गहरीकरण कार्य में कुल 80 मजदूरों ने श्रमदान एवं कार्य सहभागिता निभाई।

# उन्नत कृषि के लिए संतुलित और जैविक खाद का उपयोग लाभकारी

## दुर्ग जिले के रीवागहन में 5 से 20 मई तक चलाया जा रहा विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर कृषि विज्ञान केंद्र पहांदा दुर्ग द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत अकतई के आश्रित ग्राम रीवागहन में दुर्ग जिला में 5 से 20 मई तक विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ चलाया जा रहा है जिसमें कृषि अनुसंधान केंद्र पाहंदा के अधिकारी कर्मचारी मनीष कुमार वर्मा, विनय नायक, अटारी पाटन से मनीषा सिन्हा प्रवीन कुमार ने खेतों में खाद उपयोगिता की संतुलन एवं जैविक खाद की प्रभावी जानकारी दिए। अधिकारियों ने बताया कि संतुलित उर्वरक उपयोग पर जागरुकता अभियान चलाया। यह कार्यक्रम दुर्ग जिला के विभिन्न गांवों में किसानों को जानकारी



प्रदान करेगा। अधिकारियों ने स्थानीय स्तर पर जैविक खाद तैयार कर खेतों की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने की सलाह किसानों को दिए।

वहीं सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद ने कहा कि शासन योजना बनाकर ग्रामीणों किसानों को लाभान्वित करने का नित्य नई प्रयोग कर रही है। अधिकारी योजनाओं को समझाने गांव-गांव पहुंचने लगे हैं। योजनाओं को भली भांति समझकर लाभ उठाना चाहिए। तब सरकार और आम जनता का लक्ष्य पूरा होने लगेगा तब हमारे देश भक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों का विकसित भारत बन पायेगा। उन्होंने कहा कि साथी हाथ बढ़ाना सब मिलकर भारत का भाग्य संवरना।

इस दौरान ग्राम रीवागहन के किसान भाइयों एवं महिला किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए जिसमें सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद, पंच देवेंद्र साहू, पुनीत ठाकुर, भारती ठाकुर, नर्मदा ठाकुर, कुंती बाई, तुलसी बाई, लतेलीन बाई, रूखमणि, ज्योति ठाकुर, ओमप्रकाश साहू, रोशन साहू, समारू ठाकुर, फुलेश्वरी निषाद, गंगा निषाद, कुशबाई ठाकुर, पारस ठाकुर, पवन ठाकुर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बिजली समस्या से नगरवासी हलाकान, आखिर कैसे सुधरेगी व्यवस्था?

# धमधा नगर में वर्षों से चली आ रही बिजली कटौती और अव्यवस्था से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा नगर में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था अब आम जनता के लिए सबसे बड़ी परेशानी बन चुकी है। वर्षों से चली आ रही बिजली कटौती और अव्यवस्था ने पिछले कई महीनों में विकराल रूप ले लिया है। हालात ऐसे बन चुके हैं कि नगरवासी दिन-रात बिजली की आंख-मिचौली से त्रस्त हैं। एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा धमधा नगर पंचायत को नगर पालिका बनाने की घोषणा की जा रही है, वहीं दूसरी ओर नगर की सबसे मूलभूत आवश्यकता बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है।

नगरवासियों का कहना है कि आखिर नगर पालिका बनने का लाभ क्या होगा, जब लोगों को आज भी स्थायी और सुचारु बिजली सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। नगर में रोजाना 20 से 30 बार बिजली बंद होना अब सामान्य बात बन चुकी है। दिन हो या रात, किसी भी समय बिजली गुल हो जाती है और घंटों तक लोग अंधेरे और उमस में परेशान रहते हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली कटौती ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग, मरीज और महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। रातभर लोग गर्मी और मच्छरों के बीच जागने को मजबूर हैं।

सबसे गंभीर समस्या यह है कि बार-बार बिजली आने-जाने से घरों और दुकानों में लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं। फ्रिज, टीवी, कूलर, पंखे और कंप्यूटर जैसे उपकरणों में खराबी आने से लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि बिजली की अनियमितता के कारण उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। दुकानें, ऑनलाइन कार्य, बैंकिंग सेवाएं और छोटे उद्योग तक प्रभावित हो चुके हैं। धमधा केवल एक नगर नहीं बल्कि आसपास के लगभग 75 गांवों का प्रमुख केंद्र है। यह क्षेत्र साप्ताहिक बाजार, व्यापारिक गतिविधियों और त्रिमूर्ति महामाया की नगरी के रूप में प्रसिद्ध है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग खरीदारी और अन्य कार्यों के लिए धमधा पहुंचते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण नगर में यदि मूलभूत बिजली व्यवस्था ही चरमरा जाए तो विकास के दावों पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

### बिजली की आंख-मिचौली से त्रस्त



### नगरवासियों में बढ़ रहा आक्रोश

लगातार बढ़ती परेशानी के कारण अब नगरवासियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले समय में बड़ा जनआंदोलन खड़ा हो सकता है। जनता सवाल पूछ रही है कि क्या नगर पालिका बनने के बाद भी धमधा की जनता इसी तरह अंधेरे और अव्यवस्था में जीवन बिताने को मजबूर रहेगी? क्या जिम्मेदार अधिकारी कभी धरातल पर उतरकर जनता की वास्तविक समस्याओं को समझेंगे? अब लोगों को केवल आश्वासन नहीं बल्कि स्थायी समाधान चाहिए।

### विभाग नहीं दे रहे ध्यान

धमधा की बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर आए दिन समाचार पत्रों और स्थानीय माध्यमों में खबरें प्रकाशित हो रही हैं। नगरवासी लगातार अपनी समस्या उठा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली में कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। विभाग की ओर से हर बार वही पुराने जवाब दिए जाते हैं 'मेंटेनेंस चल रहा है और लोड बढ़ गया है।' नगर संवाददाता द्वारा दुर्ग जिला विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने पर भी स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाता। अधिकारी अक्सर अतिरिक्त अभियंता और जूनियर अभियंता का हवाला देकर जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालते नजर आते हैं। इससे यह साफ दिखाई देता है कि विभाग के भीतर जवाबदेही की कमी है और आम जनता की परेशानियों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। नगरवासियों का कहना है कि यदि वास्तव में नियमित मेंटेनेंस किया जा रहा है तो फिर वर्षों से समस्या जस की तस क्यों बनी हुई है? आखिर कब तक लोग "लोड बढ़ गया" और "मेंटेनेंस चल रहा है" जैसे बहाने सुनते रहेंगे?

### व्यवस्था भी पूरी तरह लचर

बिजली बंद होने के बाद सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि लोग अपनी शिकायत आखिर कहां दर्ज कराएं। नगरवासियों का कहना है कि विभाग की ओर से कोई सक्रिय और भरोसेमंद शिकायत नंबर उपलब्ध नहीं है। कई बार अधिकारी फोन तक नहीं उठाते और यदि फोन रिसीव होता भी है तो संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। आम लोगों का आरोप है कि विभाग जनता की समस्याओं को सुनने के बजाय जिम्मेदारी टालने में अधिक व्यस्त नजर आता है। इससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। एक ओर नगरवासी लगातार बिजली संकट से जूझ रहे हैं, दूसरी ओर हर महीने आने वाले भारी-भरकम बिजली बिलों ने मध्यम वर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। लोगों का कहना है कि जब पर्याप्त बिजली मिल ही नहीं रही तो आखिर इतने अधिक बिल किस आधार पर वसूले जा रहे हैं। कई उपभोक्ताओं ने अधिक बिल आने और गलत रीडिंग की शिकायत भी की है। बिल वसूलने में तो पूरी सख्ती दिखाता है, लेकिन सुविधा देने के मामले में पूरी तरह लापरवाह बना हुआ है।

### आंदोलन के लिए होंगे बाध्य

"बार-बार बिजली कटने से व्यापार प्रभावित हो रहा है, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं और छोटे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। यदि आने वाले दिनों में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो व्यापारी वर्ग इस बदहाल व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।"

**आकाश पारख,** अध्यक्ष व्यापारी संघ धमधा

### सत्ता पक्ष के लोग ही मजबूर

"डबल इंजन की सरकार में पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है कि सत्ता पक्ष के लोग ही बिजली की बदहाल व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपने मजबूर हैं। यह भाजपा सरकार की बड़ी नाकामी है।" आने वाले दिनों में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस इस बदहाल व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।"

**राजीव गुप्ता,** जिला प्रभारी महामंत्री कांग्रेस दुर्ग

### औपचारिकता निभा रहे

"बिजली विभाग की लापरवाही के कारण आज पूरा नगर परेशान है। बार-बार बिजली बंद होने से आम जनता, व्यापारी और किसान सभी प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी केवल औपचारिकता निभाने में लगे हैं। यदि अधिकारी मुख्यालय में रहकर जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तो काफी हद तक व्यवस्था में सुधार हो सकता है।

**रमनलाल यादव,** पूर्व अध्यक्ष नपं धमधा

## जनसमस्या निवारण शिविर परसदा में प्राप्त हुए 89 आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

सुशासन तिहार के अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसदा के राजीव भवन में संम्पन्न हुआ जिसमें वार्ड क्रमांक 13 और 16 में निवासरत लोगों ने अपनी मांग एवं शिकायत आवेदन के माध्यम से विभिन्न विभागों को दी। शिविर में राशन कार्ड, लोक निर्माण विभाग, जल विभाग, आधार कार्ड, निशुल्क ई केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन शाखा में जन्म, मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र, बिजली विभाग, श्रम विभाग पुलिस विभाग द्वारा 'आपकी जन मित्र' नशा, साइबर, यातायात जैसे समस्याओं का निराकरण हेतु आवेदन लिया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चियों को सेनेटरी पैड तथा पोषण आहार का वितरण किया गया साथ ही नवीन राशन कार्ड का वितरण भी किया गया। शिविर में सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा बारी-बारी से मंच में आकर सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए आवेदन कैसे करना हैं तथा क्या-क्या दस्तावेज की आवश्यकता है इस बात की जानकारी दी। शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चला। उक्त शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 89 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे मांग को लेकर 63 एवं शिकायत के 26 आवेदन शामिल हैं जिनमे सबसे अधिक मांगों में राशन कार्ड के 18 एवं लोक निर्माण के 18 मांग शामिल हैं वहीं शिकायतों में सबसे अधिक लोक निर्माण विभाग के 9 एवं खाद्य विभाग के 7 आवेदन प्राप्त हुए।


■ नपा अध्यक्ष वर्मा ने समस्याओं का तत्काल निराकरण के दिए निर्देश

नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने सम्बंधित विभाग को तत्काल समस्याओं को निराकरण करने का आदेश दिया उन्होंने कहा कि शिविर के आयोजन का उद्देश्य ही यही है कि लोगों की मांगों और शिकायतों का शीघ्र से शीघ्र निवारण हो। इस शिविर में एसडीएम महेश सिंह राजपूत नायब तहसीलदार कुंदन शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, इंजीनियर अतुल सिंह, पीआईसी मेंबर अश्वनी देशलहरे, उमाकांत साहू, वार्ड 13 परसदा के पार्षद डिकेंद्र साहू, पार्षद ओंकार मार्कण्डेय, सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव आदि उपस्थित थे।

# दिनभर की तेज धूप के बाद शाम को चली तेज आंधी और हुई बूंदाबांदी, राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शुक्रवार को सुबह से दोपहर तक तेज धूप रही। लोग पूरे दिन गर्मी से परेशान रहे। दिन में पारा 39.2 डिग्री सेल्सियस था। शाम को करीब 4.30 बजे मौसम ने करवट ली और तेज अंधड़ चलने लगी। आसमान पर काले- काले बादल छा गए। करीब एक घंटे तक आंधी-तूफान और बूंदाबांदी हुई। जिसकी वजह से लोगों की आवाजाही थम गई। मौसम विभाग के हिसाब से इस दौरान पारा 33 डिग्री सेल्सियस तक आ पहुंचा। मौसम के बदलने से ट्विनसिटी का वातावरण भी खुशनुमा हो चला। आने वाले चार दिनों तक मेघगर्जन, अंधड़ और बूंदाबादी की स्थिति बनी रह सकती है।



### राजनांदगांव में सबसे अधिक तापमान

मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को प्रदेश में प एक-दो स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा हुई। सर्वाधिक अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया। अगले 4 दिनों तक प्रदेश में मेघगर्जन की गतिविधि जारी रहने की संभावना है। ।। मई से मेघगर्जन की गतिविधि में कमी आने की संभावना है। अगले 2 दिनों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगी। इसके 2 दिन बाद में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तापमान की वृद्धि हो सकती है।

### ये द्रोणिकाएं है इन दिनों सक्रिय

मौमस विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका मध्य पाकिस्तान से उत्तर पश्चिम बांग्लादेश तक 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है।
एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति कोमोरिन क्षेत्र से दक्षिण पश्चिम राजस्थान तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।
एक द्रोणिका दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश से उत्तर अंदरूनी उड़ीसा तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### ये है मौसम का सिनोष्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों के ऊपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण के ऊपर से लेकर पूर्वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से होते हुए उत्तरी आंतरिक ओडिशा तक समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर स्थित है। एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश और उससे लगे उत्तराखंड के ऊपर 5.8 किलोमीटर से 7.6 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है।

### पीएम श्री विनायकपुर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट





**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर का प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा कक्षा पांचवी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा पांचवी में कुल 28 बच्चों ने बोर्ड परीक्षा दिये थे। इसमें 24 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 4 बच्चों ने द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 14 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये। शाला में प्रथम स्थान खेमन कुमार साहू 94.50 प्रतिशत द्वितीय स्थान प्रीन्सी देशलहरे 92.50, तृतीय स्थान जयंत कुमार साहू ने 92 प्रतिशत अंक हासिल किये। ग्राम पंचायत विनायकपुर के सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, एस एम डी के अध्यक्ष मोती मारकंडे, एस एम सी अध्यक्ष जगन्नाथ देवांगन, भूषण दिल्लीवार, त्रेता चन्द्राकर, उपाध्यक्ष ललित बाई साहू आदि उपस्थित थे।

## महाराणा प्रताप भवन में धूमधाम से मनाई महाराणा प्रताप जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

स्थानीय महाराणा प्रताप भवन में क्षत्रिय समिति 1282 के तत्वावधान में महाराणा प्रताप जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों, सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप शौर्य, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के प्रतीक थे। उन्होंने जीवनभर मातृभूमि, संस्कृति और सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष किया। मुगल सम्राट अकबर के तमाम दबावों के बावजूद उन्होंने कभी अधीनता स्वीकार नहीं की और कठिन परिस्थितियों में भी



संघर्ष जारी रखा। हल्दीघाटी का युद्ध उनकी वीरता और अदम्य साहस का प्रतीक माना जाता है। क्षत्रिय समिति 1282 के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि महाराणा प्रताप का जन्म वर्ष 1540 में कुंभलगढ़ किले में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र, समाज एवं स्वाभिमान की रक्षा के लिए समर्पित किया। उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने समाज को संगठित रखने और संस्कृति एवं सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिग्विजय सिंह केसरी ने कहा कि महाराणा प्रताप जयंती केवल उत्सव नहीं, बल्कि देशभक्ति, साहस एवं त्याग की प्रेरणा देने वाला अवसर है। उन्होंने समाज एवं संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में रामानुज सिंह ठाकुर, घनश्याम राजपूत (केंद्रीय उप सचिव), लाल सिंह राजपूत, बलराम सिंह, मंजू सिंह, शैलेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह परमार, निर्भय सिंह, पद्मराशि तोमर, गजराज सिंह, गणेश सिंह, पूरन सिंह, खुशबू सिंह, अंशु रानी, सनत सिंह, जनार्दन सिंह, सेवा सिंह, भोला सिंह, पुखराज सिंह (उपाध्यक्ष), रोहित सिंह (सचिव), शिबू सिंह, जितेन सिंह, गोलू, प्रिंस एवं विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

■ महाराणा प्रताप शौर्य, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के प्रतीक थे : राजेश ठाकुर



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मवेशी से टकराई बाइक घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**अंडा।** अंडा थाना क्षेत्र से एक दुखद सड़क हादसे की खबर सामने आई है। गुरुवार को रात्रि लगभग 7.45 बजे टायर फैक्ट्री डौकीडीह रोड, अंडा के पास एक बाइक सड़क पर अचानक आए मवेशी से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना अंडा प्रभारी पारस राम ठाकुर से मिली जानकारी के अनुसार मृतका रेखा बाई साहू उम्र 42 वर्ष, निवासी उतई अपने बहनोई के साथ बाइक में सवार होकर गुण्डरदेही से उतई लौट रही थीं। इसी दौरान टायर फैक्ट्री डौकीडीह रोड के पास अचानक बाइक के सामने मवेशी आ गया। चालक संभल पाता, उससे पहले ही बाइक मवेशी से जा टकराई और दोनों सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में रेखा बाई साहू को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मदद करते हुए सूचना दी, जिसके बाद 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा उपचार शुरू किया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शव का मर्ग पंचनामा कर विधिवत कार्रवाई की जा रही है। इस हादसे के बाद मृतिका के परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### फिल्म मयारू भौजी के दो गीतों में गूंजेगी पायल की आवाज

**कवर्धा।** कवर्धा की प्रतिभाशाली गायिका पायल राजपूत इन दिनों छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत में अपनी मधुर आवाज को लेकर लगातार चर्चा में हैं। अब उन्होंने सुंदरानी फिल्म प्रोडक्शन की बहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ी फिल्म मयारू भौजी 2 में अपनी सुरीली आवाज देकर एक नई उपलब्धि हासिल की है।
मोहन सुंदरानी प्रस्तुत इस फिल्म के गीतों में पायल राजपूत ने सुप्रसिद्ध गायक सुनील सोनी के साथ अपनी आवाज दी है। फिल्म 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है, वहीं इसके गीत सुंदरानी यूट्यूब चैनल पर दर्शकों का खूब प्यार बटोर रहे हैं। कवर्धा की बेटी पायल राजपूत बचपन से ही संगीत के क्षेत्र में विशेष रुचि रखती हैं। उन्होंने अनेक जिला स्तरीय गायन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वर्ष 2010 में वे इंडियन आइडल के इंदौर ऑडिशन में भी चयनित हुई थीं। लगातार मेहनत और संगीत के प्रति समर्पण के चलते आज वे छत्तीसगढ़ी एल्बम सॉन्स एवं फिल्मों में अपनी अलग पहचान बना रही हैं।
मयारू भौजी 2 में गीत गाना पायल राजपूत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। क्षेत्रवासियों एवं उनके शुभचिंतकों में इसे लेकर विशेष उत्साह है।

### बीज निगम कर्मचारियों की हड़ताल

**कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब सीधे किसानों पर दिखाई देने लगा है। खरीफ सीजन की तैयारी के बीच राज्यभर की कई सहकारी समितियों में बीज वितरण व्यवस्था प्रभावित हो गई है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। जानकारी के अनुसार हर वर्ष अप्रैल माह से बीज भंडारण एवं वितरण का कार्य शुरू हो जाता है, लेकिन इस बार कर्मचारियों की हड़ताल के कारण अब तक कई स्थानों पर भंडारण कार्य पूरा नहीं हो सका है। इसका असर यह हुआ कि सहकारी समितियों तक समय पर बीज नहीं पहुंच पाया। किसान लगातार समितियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि बीज निगम का अधिकांश कार्य दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के भरोसे संचालित होता है। उनकी अनुपस्थिति में जिला कार्यालयों और गोदामों का कामकाज प्रभावित हो गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले कई महीनों से बिना आदेश के श्रम सम्मान राशि बंद कर दी गई है। साथ ही मृत कर्मचारियों के परिवार को सहायता राशि देने की मांग भी की जा रही है। कर्मचारी 30 अप्रैल से आंदोलनरत हैं। इधर किसानों का कहना है कि समय पर बीज नहीं मिलने से खरीफ फसल की तैयारी प्रभावित हो रही है।

# राम कथा सरिता के समापन पर सनातन धर्म सेवक सम्मान से विभूतियां सम्मानित

## छत्तीसगढ़ी राम कथा के प्रचार-प्रसार हेतु कामता प्रसाद शरण को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

धर्म सभा नगर नवागढ़ द्वारा विगत पांच वर्षों से आयोजित किए जा रहे धार्मिक सत्संग कार्यक्रमों की श्रृंखला में इस वर्ष पांच दिवसीय राम कथा सरिता का भव्य आयोजन किया गया। कथा के अंतिम दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार एवं सेवा कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सनातन धर्म सेवक सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी भाषा में राम कथा के प्रचार-प्रसार के लिए कामता प्रसाद शरण को सम्मानित किया गया। वहीं संस्कृत भाषा के वैश्विक प्रचार-प्रसार हेतु पंडित रविंद्र शर्मा को सम्मान प्रदान किया गया।

इसके अलावा सुरेश वर्मा को ट्रस्ट के बेहतर प्रबंधन, चैन साहू को मंदिर प्रबंधन, चंद्रभान ध्रुव एवं लखन साहू को बाल्यकाल से रामधुनी एवं रामायण मंडली से जुड़े रहने, परदेसी साहू को देवस्तुति पुस्तक के प्रकाशन एवं निशुल्क वितरण तथा बाबूलाल साहू को ममता मानस मंडली के उत्कृष्ट संयोजन के लिए सम्मानित किया गया।

इसी कड़ी में प्रभात फेरी महिला मंडली देवांगन पारा को नियमित प्रभात फेरी



आयोजन, शिव शक्ति यज्ञ सेवा समिति को विगत 21 वर्षों से नियमित यज्ञ आयोजन तथा शारदा मानस मंडली शंकर नगर को 35 वर्षों से नियमित रामायण मंडली संचालन के लिए सनातन धर्म सेवक सम्मान 2026 प्रदान किया गया।

पांच दिवसीय राम कथा सरिता में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कथावाचक कामता प्रसाद शरण के चुटीले एवं हास्य-व्यंग्य से भरपूर कथा वाचन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में नवागढ़ नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आयोजन में जजमान के रूप में अरुण बरनवाल ने सपत्नीक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में डॉ. सतीश शर्मा, डॉ. मिलाप साहू, डॉ. कपिल साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समिति सदस्य मिथिलेश बिसेन ने आगामी वर्षों में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की अपील करते हुए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बेमेतरा के छात्र-छात्राओं ने बिखेरा जलवा

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन, राज्य स्तर पर बनाई विशेष पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- नृत्य, नाटक और चित्रकला में बेमेतरा टीम को मिली सराहना

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर 8 मई से रेडक्रॉस स्थापना सप्ताह की शुरुआत करते हुए राज्य कार्यालय द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह में राज्य स्तरीय विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से जूनियर एवं यूथ रेडक्रॉस के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बेमेतरा जिले से जूनियर एवं यूथ रेडक्रॉस के दल को शासकीय पी.जी. महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीना त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नाटक, चित्रकला सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें जिले के स्वयंसेवकों एवं काउंसलरों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। जिले की टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। पीएम श्री सेजेस राठी एवं सेजेस कन्या विद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी, वहीं शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोडगिरि की छात्राओं ने प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत कर सराहना प्राप्त की। चित्रकला प्रतियोगिता में सेजेस राठी के छात्र सागर श्रीवास ने पूरे राज्य में तृतीय



स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। यूथ रेडक्रॉस से शासकीय पी.जी. महाविद्यालय के प्रभारी द्विवेदी एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं जूनियर रेडक्रॉस से वीना वर्मा, मो. जावेद, अनूप सिंह तथा अंकित निर्मलकर जैसे काउंसलरों के विशेष प्रयासों से जिले में रेडक्रॉस गतिविधियों को निरंतर सक्रियता मिली है। जिले में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तर पर केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा योगेश साहू एवं सुश्री निधी शर्मा को सम्मानित किया गया। दोनों लंबे समय से रेडक्रॉस गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान देते आ रहे हैं। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिले की अध्यक्ष एवं कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, सचिव अमृत लाल रोहलदार, शासकीय पी.जी. महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीना त्रिपाठी तथा जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी ने पूरी टीम की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# परपोड़ी में भी सक्रिय हुआ आईपीएल सट्टेबाजी नेटवर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

बीते दिनों जिला मुख्यालय बेमेतरा में आईपीएल की सट्टेबाजी को लेकर नाटकीय घटनाक्रम हुआ था। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई भी किया था। लेकिन यह अपराध केवल जिला मुख्यालय तक समिति नहीं है। इसका दायरा जिले के कई स्थानों में फैला हुआ है। जिसमें नगर पंचायत परपोड़ी में शामिल है। जबकि राज्य के आला अधिकारियों ने आईपीएल के सट्टेबाजी में पूरी तरह रोकने का दावा किया था। मिली जानकारी के अनुसार परपोड़ी बाजार चौक के आसपास, दारू भट्ठी के आसपास, बस स्टेंड के आसपास देर रात आईपीएल के मैच शुरू होते ही मोबाईल धारी पहुंच जाते है। ये मोबाईल धारी दरअसल रात में टहलने, घूमने का बहाना बनाकर सट्टेबाजी में लिप्त होते है। इस सट्टेबाजी की लत युवाओं को पूरी तरह बर्बाद कर रही है। युवा अपने पढ़ाई लिखाई और कैरियर को छोड़कर दिन रात आईपीएल के सट्टेबाजी में लिप्त रहते है। इससे अब तक सैकड़ों घर बर्बाद हो चुके है। पुलिस आईपीएल सट्टेबाजी में छोटे-छोटे अपराधियों को तो पकड़ती है। लेकिन अब भी बड़े अपराधी कानून के दायरे से बाहर है। पूरे जिले में आईपीएल मैचों के दौरान सट्टेबाजी का एक बड़ा और संगठित नेटवर्क सक्रिय है, जो पुलिस की सख्ती के बावजूद चल रहा है। आईपीएल 2026 के सीजन में सटोरियों ने काम करने के तरीके बदल दिए हैं। सूत्रों के अनुसार जिले में सट्टेबाजी का तरीका और संपर्क बदला गया है। अब सट्टेबाज नए ऐप्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि कई ऐप को प्रतिबंधित किया जा चुका है। ये ऐप और ऑनलाइन पैनल सट्टेबाजों को लाइव मैच पर दांव लगाने की सुविधा देते हैं। आईपीएल 2026 के सट्टेबाजों के लिए सोशल मीडिया बड़ा माध्यम है। आईपीएल के सट्टे के मास्टर माइंड शहरों में है। पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए, रायपुर, दुर्ग, भिलाई जैसे शहरों के बड़े बुकी शहर के बाहर (फार्म हाउस या अन्य राज्यों में) रहकर अपने एजेंट्स के जरिए सट्टा संचालित कर रहे हैं।

### कार्रवाई किया जाएगा

आईपीएल मैचों में सट्टेबाजी पर कार्यवाही किया जाएगा। पुलिस के द्वारा सभी प्रकार के अपराध को लेकर सख्ती बरती जा रही है।

**सतीश उपाध्याय**
थाना प्रभारी, थाना परपोड़ी

# नवागढ़ में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई जमीन के नीचे बने गुप्त चैंबर से अवैध शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

- 13 लीटर अवैध मदिरा जब्त,
- एक आरोपी जेल भेजा गया क्षेत्र की बड़ी मछलियां अब भी पकड़ से बाहर

नवागढ़ क्षेत्र में आबकारी विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब कारोबार का खुलासा किया। ग्राम झाल में एक पान सेंटर के भीतर जमीन के नीचे बनाए गए गुप्त चैंबर से भारी मात्रा में देशी प्लेन और गोवा स्पेशल व्हिस्की बरामद की गई। विभाग ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार आबकारी वृत्त नवागढ़ की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम झाल निवासी जागृत धृतलहरे अपने पान सेंटर और रिहायशी मकान में अवैध शराब छिपाकर बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान पान सेंटर से लगे शयन कक्ष में जमीन के भीतर बना गुप्त चैंबर मिला। मौके से 23 अध्धी गोवा स्पेशल व्हिस्की (375 एमएल) एवं 28 पाव देशी प्लेन शराब (180 एमएल) बरामद की गई। कुल 13.665 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब 7 हजार 760 रुपए बताई गई है। पूछताछ में आरोपी जागृत धृतलहरे (65 वर्ष) ने शराब बिक्री के उद्देश्य से रखने की बात स्वीकार की। इसके बाद आबकारी विभाग ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत गैर-जमानती प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### महिला भी अवैध शराब बेचते पकड़ी गई

इसी दिन आबकारी विभाग ने दूसरी कार्रवाई ग्राम कौड़िया में की। यहां टीम ने पिंकी बाई गोयल को उसके रिहायशी मकान से अवैध शराब बेचते रंगे हाथों पकड़ा। मौके से 8 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की गई। आरोपिया के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। क्षेत्र में लगातार हो रही कार्रवाई के बावजूद अवैध शराब कारोबार के पीछे सक्रिय बड़े सप्लायर और नेटवर्क संचालक अब भी पकड़ से बाहर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से छोटे कारोबारियों के जरिए शराब की सप्लाई होने की चर्चाएं हैं, लेकिन अब तक मुख्य सरगनाओं तक कार्रवाई नहीं पहुंच पाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल छोटे विक्रेताओं पर कार्रवाई से अवैध कारोबार पूरी तरह खत्म होना मुश्किल है।

### लगातार जारी रहेगा अभियान

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि नवागढ़ क्षेत्र में अवैध शराब के संग्रहण, परिवहन और विक्रय के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। विभाग ने आम लोगों से भी अपील की है कि अवैध मदिरा से जुड़ी किसी भी गतिविधि की जानकारी तत्काल विभाग को दें। इस पूरी कार्रवाई में नवागढ़ वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक सहदेव मरकाम, उपनिरीक्षक दयालाल साहू (वृत्त साजा), आबकारी मुख्य आरक्षक संजय सिंह, आरक्षक संतोष अहिरवार एवं वाहन चालक की विशेष भूमिका रही।

# राम कथा केवल आयोजन नहीं, समाज को संस्कारों से जोड़ने का माध्यम : कामता प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़।

- हल्के व्यंग्य और स्थानीय बोली में राम कथा सुनाकर लोगों के दिलों में बनाई खास पहचान

धर्मसभा नवागढ़ के तत्वावधान में पंचदिवसीय श्री राम कथा सरिता में अपनी ओजस्वी वाणी, सहज शैली और व्यंग्यात्मक प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहे छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कथा वाचक कामता प्रसाद शरण जी ने हरिभूमि से विशेष बातचीत में अपने जीवन, अध्यात्म और कथा यात्रा से जुड़े कई रोचक अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि राम कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को संस्कार, मर्यादा और सकारात्मक जीवन की ओर ले जाने का माध्यम है।

उन्होंने बताया कि उनका परिवार शुरू से ही सत्संग और आध्यात्मिक वातावरण से जुड़ा रहा है। उनके पिता सुखनंदन शरण नृत्य एवं गायन कला में पारंगत थे, जिनसे उन्हें कला और भक्ति की प्रेरणा मिली। आगे चलकर सिरकट्टी आश्रम के गुरु श्री श्री 108 भुनेश्वरी शरण व्यास के सानिध्य में उन्हें अध्यात्म का गहरा अनुभव प्राप्त हुआ और वहीं से जीवन की दिशा बदल गई।



### 15 वर्षों से कर रहे राम कथा का वाचन

*कामता शरण ने बताया कि वे पिछले करीब 15 वर्षों से विभिन्न मंचों पर राम कथा का वाचन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय के साथ लोगों की रुचियां बदल रही हैं, इसलिए कथा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रस्तुति शैली में भी बदलाव जरूरी है। इसी सोच के साथ उन्होंने हल्के व्यंग्य और स्थानीय बोली को कथा में शामिल करना शुरू किया, ताकि आम लोग सहज रूप से कथा से जुड़ सकें। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि जब कथा लोगों की अपनी भाषा और अपने अंदाज में सुनाई जाती है, तब उसका आनंद और प्रभाव दोनों बढ़ जाते हैं।*

### सोशल मीडिया में वायरल हुई शिव विवाह प्रसंग की कथा

उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में थुरा नगर पंचायत में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत शिव विवाह प्रसंग की कथा सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी। लोगों ने उनकी अनोखी शैली और हास्य-व्यंग्य मिश्रित प्रस्तुति को खूब पसंद किया। उसी के बाद बड़ी संख्या में लोग उनकी कथा से जुड़ने लगे।
नवागढ़ में आयोजित राम कथा को लेकर उन्होंने विशेष प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यहां का आयोजन बेहद अद्भुत और आत्मीय रहा। श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग से कथा श्रवण किया और हर दिन बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवागढ़ वास्तव में धर्म नगरी है। यहां के लोगों में अध्यात्म और धार्मिक आयोजनों के प्रति गहरी आस्था दिखाई देती है। यही कारण है कि कथा के दौरान यहां का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो जाता है।

### धर्म से जुड़ें, नशे से दूर रहें

समाज को संदेश देते हुए कामता शरण जी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को धर्म और संस्कारों से जुड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से नशे और बुरी आदतों से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि अध्यात्म ही जीवन को सही दिशा दे सकता है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतार ले, तो परिवार, समाज और राष्ट्र—तीनों मजबूत बन सकते हैं।

## भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू का कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का आरोप

# गौमाता की मौत पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झिरिया में गौमाता की मृत्यु को लेकर शुरू हुई राजनीतिक बयानबाजी अब तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी बेमेतरा के जिला अध्यक्ष अजय साहू ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि गौमाता की मृत्यु जैसे संवेदनशील और भावनात्मक विषय पर राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस मामले को राजनीतिक रंग देकर जनता के बीच भ्रम और तनाव पैदा करने का प्रयास कर रही है।

अजय साहू ने जारी बयान में कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, आस्था और सनातन परंपरा की प्रतीक हैं। किसी भी गौवंश की मृत्यु दुखद और चिंताजनक विषय है, लेकिन इसे राजनीतिक हथियार बनाकर प्रदर्शन और बयानबाजी करना कांग्रेस की अवसरवादी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को इस मुद्दे पर राजनीति करने से पहले अपने कार्यकाल की समीक्षा करनी चाहिए, क्योंकि वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद उन्होंने गौसंरक्षण के क्षेत्र में कोई ठोस और प्रभावी कार्य नहीं किया।



- कांग्रेस केवल अवसरवादी राजनीति में व्यस्त : भाजपा जिला अध्यक्ष

भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार गौसेवा, गौसंरक्षण और ग्रामीण व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश में गौशालाओं के संचालन, पशु चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार, पशुपालकों के हितों की रक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर व्यवस्थाएं विकसित करने के लिए कई योजनाओं पर काम किया जा रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस केवल राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से सरकार पर अनर्गल आरोप लगाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि किसी भी घटना की गंभीरता से जांच होना आवश्यक है और दोषियों पर कार्रवाई भी होनी चाहिए, लेकिन जांच पूरी होने से पहले राजनीतिक माहौल बनाना और जनता की भावनाओं को भड़काना पूरी तरह अनुचित है। अजय साहू ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और वास्तविक तथ्यों को सार्वजनिक करने की मांग की ताकि किसी प्रकार की अफवाह या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए अजय साहू ने कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब गौठानों और गौसेवा के नाम पर करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए थे। उस समय कांग्रेस नेताओं ने कभी गौमाता के प्रति इतनी चिंता नहीं दिखाई, जितनी आज विपक्ष में बैठकर दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता सब देख और समझ रही है कि कांग्रेस केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए ऐसे मुद्दों को हवा देती है।

